दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 280 मुरादाबाद, 07 February 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## तुर्की में 7.8 तीव्रता का भूकंप, सीरिया तक कांपी धरती; 1300 से ज्यादा की मौत, सैकड़ों अब भी फंसे



भूकंप के झटके इतने तेज थे कि कई इमारतों को नुकसान पहुंचने की खबरें आई हैं। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की मानें तो भूकंप की वजह से कई लोगों के हताहत होने की आशंका है। तुर्की और पड़ोसी देशों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। नूर्दगी से 23 किलोमीटर पूर्व की ओर यह झटके महसूस किए गए। इसका असर सीरिया तक देखने को मिला। जानकारी के मुताबिक, भूकंप की वजह से कई इमारतें धराशायी हो गई हैं। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.8 मापी गई। जानकारी के मुताबिक, तुर्की में कम से कम 1000 लोग मारे गए हैं और करीब 2,300 लोग घायल हुए हैं। देश के उपराष्ट्रपति फिएट ओकटे का हवाला देते हुए बताया रिपोर्ट में बताया गया कि 10 शहरों में 1,700 से अधिक इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं हैं। वहीं, सीरिया में कम से कम 350 लोग मारे गए और 639 घायल हो गए। इस्त्राइल और लेबनान में भी कई मौतों की आशंका जताई जा रही है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप का केंद्र गाजियांटेप से लगभग 33 किलोमीटर ( 20 मील ) और नूरदगी शहर से लगभग 26 किलोमीटर ( 16 मील ) दूर था। यह 18 किलोमीटर ( 11 मील ) की गहराई पर केंद्रित था। भूकंप के झटके दूर सीरिया तक महसूस किए गए। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि कई इमारतों को नुकसान पहुंचने की खबरें आई हैं। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की मानें तो भूकंप की वजह से कई लोगों के हताहत होने की आशंका है।

### राष्ट्रपति एर्दोगन बोले- इस आपदा से मिलकर निपटेंगे

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने ट्विटर पर कहा कि भूकंप से प्रभावित क्षेत्रों में खोज और बचाव दलों को तुरंत भेजा गया। हमें उम्मीद है कि हम इस आपदा को एक साथ जल्द से जल्द और कम से कम नुकसान के साथ पार कर लेंगे।

### पीएम मोदी ने जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूकंप की घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि तुर्की में भूकंप के कारण जनहानि और संपत्ति के नुकसान से दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। घायल जल्द स्वस्थ हों। भारत तुर्की लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है और इस त्रासदी से निपटने के लिए हर संभव सहायता देने को तैयार है।

### भारत भेजेगा मदद

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश के बाद भारत सरकार ने भूकंप प्रभावित तुर्की को मदद भेजने का फैसला किया है। भारत तुर्की को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल( ह्ष्ठक्रस्न ) का खोज एवं बचाव दल, चिकित्सा दल और राहत सामग्री भेजेगा। सरकार की ओर से इस संबंध में एक आधिकारिक बयान भी जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि पीएम मोदी के प्रधान सचिव पी के मिश्रा ने तत्काल राहत उपायों पर चर्चा करने के लिए साउथ ब्लॉक में एक बैठक की और वहां निर्णय लिया गया। निर्णय के मुताबिक, विशेष रूप से प्रशिक्षित डॉग स्क्वॉड और आवश्यक उपकरणों के साथ 100 कर्मियों वाली एनडीआरएफ की दो टीमें खोज और बचाव कार्यों के लिए भूकंप प्रभावित क्षेत्र में जाने के लिए तैयार हैं। साथ ही मेडिकल टीमों को आवश्यक दवाओं के साथ प्रशिक्षित डॉक्टरों और पैरामेडिक्स के साथ तैयार किया जा रहा है। ये राहत सामग्री तुर्की सरकार और अंकारा में भारतीय दूतावास और इस्तांबुल में महावाणिज्य दूतावास के समन्वय से भेजी जाएगी।

### कैसे आता है भूकंप?

भूकंप के आने की मुख्य वजह धरती के अंदर प्लेटों का टकरना है। धरती के भीतर सात प्लेट्स होती हैं जो लगातार घूमती रहती हैं। जब ये प्लेटें किसी जगह पर आपस में टकराती हैं, तो वहां फॉल्ट लाइन जोन बन जाता है और सतह के कोने मुड़ जाते हैं। सतह के कोने मुड़ने की वजह से वहां दबाव बनता है और प्लेट्स टूटने लगती हैं। इन प्लेट्स के टूटने से अंदर की एनर्जी बाहर आने का रास्ता खोजती है, जिसकी वजह से धरती हिलती है और हम इसे भूकंप मानते हैं।

### भूकंप की तीव्रता

रिक्टर स्केल पर 2.0 से कम तीव्रता वाले भूकंप को माइक्रो कैटेगरी में रखा जाता है और यह भूकंप महसूस नहीं किए जाते। रिक्टर स्केल पर माइक्रो कैटेगरी के 8,000 भूकंप दुनियाभर में रोजाना दर्ज किए जाते हैं। इसी तरह 2.0 से 2.9 तीव्रता वाले भूकंप को माइनर कैटेगरी में रखा जाता है। ऐसे 1,000 भूकंप प्रतिदिन आते हैं इसे भी सामान्य तौर पर हम महसूस नहीं करते। वेरी लाइट कैटेगरी के भूकंप 3.0 से 3.9 तीव्रता वाले होते हैं, जो एक साल में 49,000 बार दर्ज किए जाते हैं। इन्हें महसूस तो किया जाता है लेकिन शायद ही इनसे कोई नुकसान पहुंचता है। लाइट कैटेगरी के भूकंप 4.0 से 4.9 तीव्रता वाले होते हैं जो पूरी दुनिया में एक साल में करीब 6,200 बार रिक्टर स्केल पर दर्ज किए जाते हैं। इन झटकों को महसूस किया जाता है और इनसे घर के सामान हिलते नजर आते हैं। हालांकि इनसे न के बराबर ही नुकसान होता है।

## राफेल मामले को लेकर पीएम मोदी ने कांग्रेस पर बोला हमला, कहा- सच्चाई आज खुद आ रही सामने



बेंगलुरु, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तुमकुरु में एशिया की सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर निर्माण सुविधा का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने कर्नाटक को निवेशकों की पहली पसंद बना दिया है। कार्यक्रम में पीएम ने कई विषयों पर अपनी बात कही। इसके साथ ही उन्होंने राफेल आरोपों को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। बता दें कि प्रधानमंत्री विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के अपने दौरे पर हैं।

### अब सच्चाई खुद आ रही है सामने - पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोगों ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) का इस्तेमाल कर केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ कई तरह के झूठे आरोप लगाए लेकिन अब सच्चाई आज खुद सबके सामने आ रही है। उन्होंने कांग्रेस का नाम लिए बिना कहा, एचएएल के बारे में गलत सूचना फैलाई गई और हमारी सरकार के खिलाफ कई झूठे आरोप लगाए गए।

### डबल इंजन वाली सरकार कैसे काम करती है- पीएम

पीएम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का उद्घाटन करने के बाद कहा, तुमकुरु को आज एक बड़ा हेलीकॉप्टर कारखाना मिल गया है। कर्नाटक युवा प्रतिभा और नवाचार की भूमि है। दुनिया कर्नाटक की विनिर्माण शक्ति को ड्रोन निर्माण से लेकर तेजस लड़ाकू विमानों तक देख रही है। हेलीकॉप्टर कारखाने का उद्घाटन इस बात का उदाहरण है कि डबल इंजन वाली सरकार कैसे काम करती है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## सीएम योगी ने किया मेट्रो टनल की खुदाई का शुभारंभ, एक दिन में 12 मीटर खोदेगी टीबीएम



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा किला के सामने रामलीला मैदान में मेट्रो के टनल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज यहां पर गंगा और यमुना दो अंडरग्राउंड टनल निर्माण के कार्य का शुभारंभ हुआ है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगरा पहुंच गए हैं। खेरिया एयरपोर्ट पर आगरा के जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री आगरा किला के सामने रामलीला मैदान पहुंचे, यहां मेट्रो के टनल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। रविवार को उन्हें आना था, लेकिन ऐन वक्त पर गाजियाबाद में पार्टी कार्यक्रम में जाने के कारण कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया।

### गंगा, यमुना टीबीएम का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने रामलीला मैदान में लॉन्चिंग शाफ्ट पहुंचकर रिंग सेगमेंट पर हस्ताक्षर किया। इसके बाद पूजा-अर्चना कर बटन दबाकर टनल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। आगरा में टनल बोरिंग मशीनों (टीबीएम) को गंगा और यमुना का नाम दिया गया है, जबकि कानपुर में इनका नाम तात्या और नाना था। हर दिन 10-12 मीटर तक टनल तैयार की जाएगी। यूपी मेट्रो कारपोरेशन की ओर से आगरा मेट्रो के भूमिगत भाग में अप एवं डाउन ट्रैक के लिए दो समानांतर सुरंगों का निर्माण किया जाना है।

### ये बोले मुख्यमंत्री

इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश मेट्रो कॉरपोरेशन पर्यावरण के सभी मानकों का पालन करते हुए समय से छह माह पूर्व पूर्वी कॉरिडोर के कार्य को संपन्न करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा है। आज यहां पर गंगा और यमुना दो अंडरग्राउंड टनल निर्माण के कार्य का शुभारंभ हुआ है। मुझे प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश में हम पहले से ही लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और कानपुर में मेट्रो सेवाओं का संचालन कर रहे हैं। आगरा में विकास और रोजगार के बेहतर सृजन के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट के अत्याधुनिक साधन की यहां के जनप्रतिनिधिगण लंबे समय से मांग करते रहे हैं। हमारा प्रयास है कि दिसंबर 2023 तक हम लोग कोरिडोर के कार्य जो लगभग 6 किलोमीटर है, इसे पूरा करने में सफल होंगे। इसके लिए दो कोरिडोर पहले विकसित करने के लिए स्वीकृति दी गई है, जो 29 किलोमीटर 400 मीटर लंबा है। कोरिडोर के कार्य पर युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। सुरक्षा के सभी मांगों को पूरा किया जा रहा है और आज यहां पर पुनर्निर्माण के कार्यक्रम का भी हमने शुभारंभ किया है।

### किले से ताज के बीच चलेगी टीबीएम

टनल बोरिंग मशीन को सोमवार को रामलीला मैदान से लांन्च किया गया। यहां से ताजमहल तक टनल बनाई जाएगी। शाहजहां गार्डन में मिड शाफ्ट बनाई गई है, ताकि किसी भी आपातकाल की स्थिति में बीच में ही टीबीएम को आसानी से निकाला जा सके। पुरानी मंडी चौराहे के पास 'रिट्रीवल शाफ़्ट' होगी, जहां से टीबीएम को निकाला जाएगा। दूसरी टीबीएम आरबीएस कॉलेज मेट्रो स्टेशन से नीचे उतारी जाएगी और जामा मस्जिद स्टेशन के पास निकाली जाएगी। अभी प्राथमिकता कॉरिडोर में टीबीएम गंगा-यमुना जामा मस्जिद से ताजमहल की दिशा में टनल का निर्माण करेंगी। यहां ताजमहल, आगरा किला एवं जामा मस्जिद भूमिगत मेट्रो स्टेशन होंगे।

### ऐसे होगा मेट्रो टनल का निर्माण

टनल निर्माण में सबसे पहले टीबीएम को क्रेन की मदद से लॉन्चिंग शाफ्ट में उतार कर उन्हें जोड़ा जाता है। टीबीएम के पिछले हिस्से में स्थित सेगमेंट इरेक्टर की मदद से कास्टिंग यार्ड में प्रीकास्ट तकनीक से निर्मित टनल रिंग सेगमेंट्स को लगाया जाता है। एक टीबीएम दिन में औसतन 10 मीटर टनल का निर्माण करती है। मशीन में सबसे आगे कटिंग हेड होता है, जिसकी मदद टीबीएम मिट्टी को काटते हुए सुरंग की खुदाई करती है। कटिंग हेड में एक विशेष किस्म के केमिकल का छिड़काव करते हैं, जिससे मिट्टी कटर पर नहीं चिपकती और कनवेयर बेल्ट की मदद से मशीन के पिछले हिस्से में चली जाती है, जहां से ट्रॉली के जरिए मिट्टी को टनल से बाहर लाया जाता है।

रेल के जरिए आगे बढ़ती है टीबीएम

यूपी मेट्रो के पीआरओ पंचानन मिश्रा ने बताया कि टनल बोरिंग मशीन रेल के जरिए आगे बढ़ती है। इसके पिछले हिस्से में प्रीकास्ट रिंग सेगमेंट को लॉन्च करने की व्यवस्था भी होती है। टनल निर्माण के दौरान रिंग सेगमेंट लगाने के बाद टीबीएम से ही रिंग सेगमेंट एवं मिट्टी के बीच में सॉल्यूशन भर दिया जाता है, जो कि रिंग सेगमेंट्स और मिट्टी के बीच मजबूत जोड़ बनाकर टनल को मजबूती देता है। टीबीएम के मिड शील्ड में लगे थ्रस्टर्स मशीन को आगे बढ़ने में मदद करते हैं।

### 7 भूमिगत स्टेशन बनेंगे

टनल बोरिंग मशीन गंगा और यमुना के जरिए 7 भूमिगत स्टेशन और भूमिगत टनल बनाई जाएंगी। आगरा मेट्रो में 29.4 किमी लंबे दो कॉरिडोर का नेटवर्क बनना है, जिसमें 27 स्टेशन होंगे। ताज ईस्ट गेट से सिकंदरा के बीच 14 किमी लंबे पहले कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है. इस कॉरिडोर में 13 स्टेशनों का निर्माण होगा। जिसमें 6 एलिवेटेड जबकि 7 भूमिगत स्टेशन होंगे।

## वाहनों के शीशे तोड़ने वाला गिरफ्तार, आरोपी बोला- गाडियों को देख मानसिक संतुलन खो बैठा



मुरादाबाद में सिविल लाइंस थानाक्षेत्र के लोकोशेड पुल के पास शनिवार सुबह सात गाड़ियों के शीशे तोड़ने के आरोपी शंकर ( 55 ) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि गाड़ियां देखकर वह मानसिक संतुलन खो गया था। उसे ऐसा लग रहा था कि गाड़ियां उसे कुचल देंगी। इसलिए उसने गाड़ियों के शीशे तोड़े थे। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि सिविल लाइंस में लोकोशेड पुल के पास चंद्र नगर में शनिवार सुबह घरों के बाहर खड़े वाहनों के शीशे टूटे मिले थे। अजय शुक्ला की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। जिसमें उन्होंने बताया था कि उनकी एक कार और दो टैंपो, पड़ोसी दीपू खरबंदा की दो कारें, राजू मेहता की एक कार और एक अन्य व्यक्ति के टैंपो के शीशे टूट दिए हैं। इस घटना से गुस्साए लोगों ने दिल्ली रोड पर जाम लगा दिया था। पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवा दिया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली थी। जिससे पता चला था कि शनिवार सुबह 3-51 बजे एक व्यक्ति गाड़ियों के शीशे पर ईंट पत्थर से हमला कर दिया है। फुटेज के जरिए आरोपी की पहचान सिविल लाइंस के आदर्श कॉलोनी निवासी आरोपी शंकर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया।

## लाईसेंस/पंजीकरण के कैम्प होंगे आयोजित-सहायक आयुक्त खाद्य

मुरादाबाद - अभिहीत अधिकारी/सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड-2 बिनोद कुमार सिंह ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उ0प्र0 लखनऊ के पत्र दिनांक 11 जनवरी 2023 के द्वारा अवगत कराया है कि प्रत्येक जनपद में लाईसेंस/पंजीकरण की संख्या में वृद्धि हेतु मार्च 2023 तक 05 लाईसेंस /पंजीकरण के कैम्प आयोजित करने व प्रत्येक खाद्य सुरक्षा अधिकारी के लिए 125 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस प्रकार जनपद में कुल 1375 का लक्ष्य निर्धारित है। तद्क्रम में जनपद मुरादाबाद में दिनांक 08 फरवरी 2023 को रामगंगा विहार, 22 फरवरी 2023 को पीपलसाना बाजार मुरादाबाद, 28 फरवरी 2023 को ठाकुरद्वारा मुरादाबाद, 14 मार्च 2023 को बिलारी मुरादाबाद, तथा 21 मार्च 2023 को कांठ मुरादाबाद में खाद्य लाईसेंस/पंजीकरण कैम्प आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने संबंधित खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्र से संबंधित खाद्य लाईसेंस/पंजीकरण हेतु लगने वाले प्रत्येक कैम्प का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें, जिससे उसका अधिक से अधिक खाद्य कारोबारकर्ता लाभ उठा सके तथा जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके।

## गन्ना क्रय केन्द्रों पर घटतौली की शिकायतों के संबंध में बाट माप अधिकारी को निरीक्षण कर घटतौली रोकने के दिए निर्देश

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में कर-करेत्तर एवं राजस्व प्राप्ति की समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने स्टाम्प एवं निबंधन, आबकारी, बिक्री एवं व्यापार कर, मनोरंजन, परिवहन निगम, बाट तथा माप, यात्रीकर, खनन, विद्युत देय, मण्डी समिति आदि की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने वन विभाग द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति में प्रगति न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। गन्ना क्रय केन्द्रों की घटतौली की शिकायतें आने पर जिलाधिकारी बाट एवं माप विभाग को नियमित चैकिंग कर घटतौली पर अंकुश लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गन्ना क्रय केन्द्रों से घटतौली की शिकायतें न आये इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। जिलाधिकारी ने खनन विभाग की समीक्षा करते हुए

खनन अधिकारी को निर्देशित किया कि जब भी खनन क्षेत्रों पर भ्रमण के लिए जाये अपने साथ पुलिस बल अवश्य लेकर जाये। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि लक्ष्य पूर्ण करने हेतु स्थलीय निरीक्षण जरुर करें और बिना शिकायत होने पर भी समय-समय पर निरीक्षण कर फीडबैक लेते रहें। उन्होंने उपस्थित विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्य को गम्भीरता से लेकर पूर्ण किया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व युगराज सिंह, ए0आई0जी0 स्टाम्प एल0जी0 पाण्डेय, उप क्षेत्रीय वनाधिकारी अनुज कुमार, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वगीशा मणि त्रिपाठी, उपायुक्त राज्यकर सुभेश तिवारी, सचिव ए0पी0एम0सी0 मुरादाबाद ज्योति चैधरी, ए0आर0एम0 परिवहन नरेश चन्द गुप्ता, ए0आर0टी0ओ0 छवि सिंह, अधिशासी अभियन्ता विद्युत शैलेन्द्र गौतम, खनन अधिकारी राहुल कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण आदि उपस्थित रहें।

## चाचा पर भतीजी से दुष्कर्म का आरोप

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा - महिला के ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। साथ ही उसके देवर पर भतीजी से दुष्कर्म का आरोप है। कोतवाली जलेसर के निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि हाथरस निवासी ससुरालीजनों ने दहेज की खातिर उनकी बेटी का उत्पीड़न किया। यह भी आरोप है कि बेटी के देवर ने अपनी भतीजी के साथ दुष्कर्म भी किया है। पुलिस कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश से मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है

## बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक को किया हवन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा - सकीट। कुंवर महेंद्र सिंह इंटर कॉलेज में हाईस्कूल व इंटर बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने की कामना को लेकर हवन यज्ञ का आयोजन हुआ।

आचार्य शैलेश चतुर्वेदी ने विधि-विधान से हवन कराया। इस दौरान प्रबन्धक राजपाल सिह, प्रमोद कुमार, विनोद कुमार, रमेश चंद्र, धीरज सिंह, प्रयांश शर्मा, दिनेश चंद्र, रेशम पाल, धर्मेंद्र सिह, धीरज पाल सिंह, मोहित कुमार, गौरब कुमार, सीता श्रीवास्तव, रेखा सक्सेना, नीरज शर्मा, पिंकल यादव, आकांक्षा, कुमकुम आदि मौजूद रहे।

## मिशन घर घर से कचरा उठाने का कार्य हुआ फेल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा - शहर के आधा दर्जन मोहल्लों में पिछले एक सप्ताह से कूड़ा कलेक्शन न होने से घरों में रखे डस्टबिन फुल हो चुके हैं। इससे परेशान होकर लोग कूड़े को जहां-तहां फैंक रहे हैं। इससे गली-मोहल्लों में गंदगी बिखरी पड़ी होने के साथ स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ रही हैं। पिछले एक सप्ताह से शहर के मोहल्ला नई बस्ती, स्वर्णपुरी, शिवगंज, प्रेमनगर, बारह बीघा सहित अन्य कई मोहल्लों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन नहीं किया जा रहा है। इससे स्थानीय लोगों के घरों पर रखे डस्टबिन पूरी तरह फुल हो चुके हैं। इसके साथ ही लोग गली-मोहल्लों के कोनों, नाले-नालियों एवं आसपास खाली पड़े प्लॉट आदि में कूड़ा फेंकने को मजबूर हैं। गली-मोहल्लों में गंदगी बिखरी पड़ी होने से राहगीरों के अलावा स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोग कूड़ा कलेक्शन न होने के कारण नगर पालिका में पहुंचकर शिकायत भी कर चुके हैं। उसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। स्थानीय बाशिंदों के अनुसार पिछले एक सप्ताह से डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाले पालिका कर्मचारी नहीं आ रहे हैं। इस कारण घरों पर रखे डस्टबिन भर चुके हैं। आखिर कब तक गंदगी को घर में रखे। इस कारण गंदगी को जहां-तहां फेंकना पड़ रहा है। कूड़ा कलेक्शन सफाई नायकों के माध्यम से कराया जा रहा है। कुछ मोहल्लों में कूड़ा कलेक्शन की समस्या कर्मचारी छुट्टी पर चले जाने के कारण हो गई है। दूसरे कर्मचारियों को भेजकर कूड़ा साफ कराया जाएगा।- सुशील गिरी, प्रभारी एसआई, नगर पालिका एटा

एक सप्ताह से अधिक समय हो चुका है। मोहल्लें में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाले कर्मचारी नहीं आ रहे हैं। कूड़ा काफी इकट्ठा हो गया है। लोग गली-मोहल्लों में कचरा फेंकने को विवश हो रहे हैं।-मित जैन, स्वर्णपुरी एटा गली में एक सप्ताह से ज्यादा समय हो चुका है कोई भी कूड़ा लेने नही आया है। लोग कहां तक कूडे को घर में रखेगे। मजबूरी में बाहर फेंकना ही पड़ेगा। लोग ऐसा ही कर रहे हैं। इससे गलियों में गंदगी बिखर रही है। अजीत कुमार जैन, शिवगंज एटा




दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## उन आंखों की दो बूंदों से सौ सौ सागर हारे हैं, जब मेहंदी वाले हाथों ने मंगल सूत्र उतारे हैं : डा. हरिओम पंवार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा - राजकीय जिला कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनी के अंतर्गत एटा महोत्सव के मंच पर 4 फरवरी की शाम कवियों की महफिल जमी। इसका रंग इतना गहरा था कि पांच फरवरी की अल सुबह 4 बजे तक यह महफिल जमी रही। आपको बता दें कड़कड़ाती सर्दी में भी कविता प्रेमी पूरी रात एटा महोत्सव के पंडाल में मंत्रमुग्ध होकर कवियों की कविताओं का रसपान करते रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड एवं पूर्व विधायक प्रजा पालन वर्मा अंजनी मां वीणावादिनी सरस्वती की के चित्र के आगे दीप प्रज्वलन कर किया। जिसके बाद सरला शर्मा ने हे वरदहस्त वीणापाणि कल्याण करो मां कल्याणीज् गाकर सस्वती मां की वंदना की। उसके बाद एटा के दिग्गज कवि धुर्वेंद्र भदोरिया जी की पुस्तक धुर्वांजलि का विमोचन किया गया। वहीं एटा कवि कुल की ओर से कवि डा. हरिओम पवार जी को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया। जिला अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा नगर क्षेत्राधिकारी राजकुमार सिंह आदि द्वारा पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में भाग लिया गया। कार्यक्रम के संयोजक कवि राजकुमार भरत ने बताया कि इस कवि सम्मेलन में बड़ी बड़ी दूर से कवि और कवियत्री पहुंचे और अपना-अपना काव्य पाठ किया। काव्य पाठ के दौरान पंडाल में मौजूद दर्शक एवं रसज्ञ श्रोता कविताओं में डूबे नजर आए। लखनऊ से पधारे कवि योगेश त्रिपाठी ने 卐जिंदगी एक सुंदर फसाना बनी, तेरे दिल में ही मेरा ठिकाना बनीज्, सरला शर्मा ने कहा 卐यहां तुलसी खुसरो की निगहबानी में है कविता, यहां कण कण में है कविता हवा पानी में है कविता.., शैलेश गौतम ने वीर शहीदों को याद में 卐 होंठ चूमे नहीं कमसिनों के मगर, फांसी के फंदों को चूमकर चल दिए.., डॉ अंजना कुमार ने 卐इश्क में उनसे खुमारी हो गई, अजब हालत हमारी हो गई.., सुनहरी लाल 卐तुरंत卐 ने 卐हम भी कुछ रंग जमाने का हुनर रखते हैं, रंग में भंग मिलाने का हुनर रखते हैं.., वहीं वरिष्ठ एवं लोकप्रिय कवि विष्णु सक्सेना ने 卐 तुम्हारा हर इक गम खरीद सकता हूं.., सुदीप भोला ने बेटियों के लिए 卐 बेटी ब्यूटीफुल वंडरफुल और गौरैया ने आंगन में अब आना छोड़ दिया, कोयलिया ने डर के मारे गाना छोड़ दिया.., नैनीताल से एटा पहुंची प्रख्यात कवियत्री गौरी मिश्रा ने 卐 गुलाबी होंठ से ज्यादा गुलाबी गाल कर दूंगी.., कवि बनारसी 卐डंडा卐 ने 卐 लात खाके लगता आदमी बहुत स्मार्ट है.., वंदना शुक्ला ने 卐आदमी आदमी को छल रहा है, हर घर में विभीषण पल रहा है.., वहीं कार्यक्रम के बेहतरीन संचालक राजस्थान के भरतपुर से पधारे कवि सुरेंद्र 卐सार्थक卐 जी ने उड़ीसा में दाना मांझी के साथ घटी दिल को झकझोर देने वाली घटना को काव्य में पिरोकर ऐसा गाया कि हर दर्शक व श्रोता की आंखे नम हो गईं। उन्होंने कहा कि तू वोट के अलावा किसी के क्या काम आता है। कवि कुल श्रेष्ठ डा. हरिओम पंवार ने देशप्रेम से परिपूर्ण ओज की कविताओं का पाठ कर दर्शकों और रसज्ञ श्रोताओं में जोश भर दिया। उन्होंने कहा 卐 आगामी तूफानों का आभास नहीं है क्या गाऊं, काबुल के हर चौराहे पर चीख सुनाई देती है और उन आंखों की दो बूंदों से सौ सौ सागर हारे हैं, जब मेहंदी वाले हाथों ने मंगल सूत्र उतारे हैं। कार्यक्रम के अंत में एटा की धरा के एक बेहतरीन कवि धुर्वेंद्र भदौरिया जी ने कहा कि 卐 नीर भरी बदली सी मिट गई महादेवी.. और उन्होंने मंच पर आसीन सभी कविगणों का आभार व्यक्त किया। वहीं पंडाल में उपस्थित हर दर्शक और श्रोता का धन्यवाद व्यक्त किया। सभी कवियों ने कहा कि जितने प्यार से एटा के दर्शक और श्रोता कविताओं को सुनते हैं पूरे विश्व में शायद ही कहीं इस तरीके से कविताओं को सुना जाता हो। कवि सम्मेलन कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. धुर्वेंद्र भदौरिया कार्यक्रम संचालन श्री सुरेंद्र सार्थक व्यंग के द्वारा किया गया कार्यक्रम शुभारंभ सरस्वती वंदना कर दीप प्रज्वलन जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल एवं पूर्व विधायक प्रजा पालन वर्मा द्वारा किया गया कार्यक्रम संयोजक शशीकांत बर्मा बबलू एवं सह संयोजक वीरेंद्र वार्ष्णेय राजकुमार भरत रघुवीर वर्मा रहे जिसमें आयोजन समिति में रोहित राजपूत शुभम राजपूत प्रशांत गुप्ता यशपाल शाक्य नलिन गुप्ता बृजेश गुप्ता अनिल कुमार युवराज सिंह चौहान कुशल खितोलिया प्रताप सिंह धर्मेंद्र राठौर राहुल वर्मा पत्रकार आदि लोग ने शॉल उड़ाकर सम्मानित अतिथि एवं कवियों का सम्मान किया इस अवसर पर एटा सदर विधायक सभापति विपिन वर्मा डेबिड, जिला अधिकारी , एडीएम वित्त आयुष चौधरी, एडि.एसपी धनंजय कुशवाहा ,सीओ नगर राजकुमार ,सुधाकर वर्मा पूर्व एमएलसी, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश वशिष्ठ, पूर्व जिला अध्यक्ष पंकज गुप्ता, विधायक टूंडला प्रेमपाल सिंह धनगर, धर्मवीर गहलोत, एसडीएम सदर शिवकुमार, दीपक सक्सेना, वरिष्ठ पत्रकार मनोज पचौरी ,राकेश भदोरिया , शिवा प्रधान, सर्वेश राजपूत, पूर्व सभासद प्रमोद लोधी पत्रकार, सुनील मिश्रा जी पत्रकार, प्रदीप लोधी पत्रकार, मदन गोपाल शर्मा पत्रकार ,प्रवीण पाठक पत्रकार, मुकेश कुमार, पत्रकार, राहुल कुलश्रेष्ठ दिनेश शर्मा, महेश वर्मा पत्रकार, राम प्रसाद माथुर पत्रकार ,दीपक पत्रकार देवेंद्र पत्रकार आदि लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# दो बाइक की आमने-सामने से टक्कर एक की मौत

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती - चिल्हरिया मोड़ के पास दो बाइकों में आमने सामने से भीषण टक्कर हो गई। जिसमें महिला समेत दो गंभीर रूप से घायल हो गए और एक युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सिरसिया थाना क्षेत्र के बभनी गांव के पास दो बाइक आमने सामने से भिड़ गई। थाना क्षेत्र के लोनियनपुरवा निवासी सेनापति (20) पुत्र रामदेव तिवारी शाम को अपनी भाभी लीलावती पत्नी अनूप कुमार को बाइक पर बैठाकर चिल्हरिया मोड़ की ओर से घर जा रहा था जिसकी गोद में एक मासूम बच्चा भी था।

इस दौरान सिरसिया थाना के काजीपुरवा निवासी इसरार पुत्र झिंगई बाइक से तेज रफ्तार में बघौड़ा की ओर से आ रहा था। रास्ते में बभनी गांव के पास पहुंचते ही दोनों बाइकों में आमने सामने की भीषण टक्कर हो गई। जिसमें सभी घायल हो गए। लोगों की ओर से हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरसिया में भर्ती कराया। जहां सेनापती को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं हालत गंभीर देखते हुए घायल इसरार को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया गया। जबकि महिला लीलावती का इलाज सीएचसी सिरसिया में किया जा रहा है।

वहीं मौत की सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस मौके पर पहुंच कर कार्रवाई करने मे जुटी हुई है।

# कहीं सड़क खुदी तो कहीं डिवाइडर उखड़े, जाम का बन रहा कारण

सचिन ठाकुर (निक्की)
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



अलीगढ़ में कहीं स्मार्ट सिटी, कहीं नगर निगम और कहीं रेलवे द्वारा इन दिनों जो सड़क निर्माण या मरम्मत के काम चल रहे हैं। वे यातायात में बाधा बन रहे हैं। कहीं लेटलतीफी तो कहीं बिना पूर्व सूचना के खुदाई होने से कहीं भी यातायात अस्त व्यस्त हो जाता है। फिर जाम में फंसने के सिवाय कोई चारा नहीं बचता। शहर के प्रमुख इलाकों में कुछ ऐसे ही हालात हैं। अभी किसी तरह मैरिस रोड पर सड़क निर्माण कार्य पूरा हुआ है। इसी तरह सेंटर प्वाइंट से घंटाघर जाने वाला रास्ता भी बना है। मगर अभी वहां यातायात बाधक होता है। जब यह दोनों मार्ग बन रहे थे, तब यहां वाहन प्रतिबंधित थे और दिन भर जाम के हालात रहते थे। इसके बाद अब घंटाघर से रेलवे स्टेशन वाला मार्ग रेलवे ने पुनः निर्माण के लिए खोद दिया है। इसलिए इस मार्ग पर आवाजाही बंद है। चूंकि इस मार्ग पर काम शुरू होने और यातायात बंद किए जाने की पूर्व सूचना नहीं थी। इसलिए लोगों को जानकारी नहीं रहती। लोग किसी तरह घूम फिरकर गंतव्य को पहुंचते हैं तो मीनाक्षी पुल वाला पैदल पुल बंद है।इसके बादगुरुद्वारा रोड पर बीच सड़क पर एक गड्ढा खुदा पड़ा है जो यातायात में बांधक बनता है।अब अगर जीटी रोड की बात करें तो अचलताल के बाद से डिवाइडर खोदकर डाल दिए हैं। यह शहर का सबसे व्यस्त और जाम पोर्न इलाका है। यहां भी अब अब यातायात में उखड़े पड़े डिवाइडर बाधा बन रहे हैं। इसके बाद अब यहां काम कम शुरू होगा। यह कुछ नहीं कहा जा सकता। कुल मिलाकर हमारे शहर में इन दिनों चल रहे निर्माण कार्य यातायात में बाधक बन रहे हैं।

# ऑनलाइन बिक्री से खुदरा ब्यापारियों को हो रहा घाटा-सुमंत गुप्ता

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा - राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुमंत गुप्ता द्वारा की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस मैं बताया गया कि सरकार द्वारा हमारे कुछ समाज के जाति प्रमाण पत्र निकाय चुनाव में बनवाने के लिए जो आवेदन किए गए थे उनको सरकार द्वारा रोक दिया गया है जिसमें मुख्य रूप से वैश्य समाज की कुछ जातियां जैसे कला कलवार कलाल जैसी पिछड़ी जातियों का जाति प्रमाणपत्र का आवेदन सरकार द्वारा रोक दिया गया है,सरकार उसे जारी करें। और अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद- द्वारा फतेहपुर में 18 व 19 मार्च को राष्ट्रीय अधिवेशन व प्रांतीय सम्मेलन किया जाएगा और राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुमंत गुप्ता द्वारा बताया गया कि खुदरा व्यापार में वॉलमार्ट जैसी विदेशी कंपनियों के आने से रिटेलर व्यापारियों को काफी नुकसान हो रहा है जिससे वह बर्बाद हो जाएंगे भारत दुनिया का सबसे आकर्षक रिटेलर बाजार है तथा तेजी से बढ़ती हुई ई-कॉमर्स क्षेत्र में निवेश के मौके का लाभ उठाते हुए वॉलमार्ट जैसी कंपनियों का ऑनलाइन बाजार में कब्जा करने का प्रयास है खुदरा बाजार में नियंत्रण करने का प्रयास है जैसे छोटे स्तर व मध्यम स्तर के मझोले व्यापारी बर्बाद हो जाएंगे वॉलमार्ट पहले छूट देता है

फिर छोटे उद्योगों की कमर तोड़ देता है खुदरा व्यापार का लगभग 20त्न हिस्सा ऑनलाइन दो विदेशी कंपनियां बिक्री कर रही है। इस अवसर प्रमुख रुप से राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद गुप्ता, संरक्षक राधारमण वार्ष्णेय, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक वार्ष्णेय,कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र अग्रवाल टिल्लू,अन्य सम्मानित सदस्यगण नलिन राजन गुप्ता चिंटू , विशाल गोयल होटल रामेश्वरम,अतुल गुप्ता शिक्षक,एस कुमार,राहुल गुप्ता डाक बगलिया आदि बंधुयों ने सहयोग प्रदान करने पर सभी को कोटि कोटि आभार प्रकट करता हूं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# थाना सूरजपुर पुलिस ने चोरी के दो मामले का किया खुलासा, 2 विधि विरूद्ध संघर्षरत बालकों को पकड़ चोरी की वस्तु किया बरामद

रामचंद्र जायसवाल



सूरजपुर- थाना सूरजपुर से कुछ ही दूरी पर स्थित दो दुकानों से चोरी कर चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती दी थी जिसके बाद से पुलिस इन चोरों की लगातार पतासाजी में लगी हुई थी और पुलिस ने तत्परतापूर्वक चोरों की पतासाजी करते हुए दो विधि विरूद्ध संघर्षरत बालकों को पकड़ने और चोरी की वस्तु बरामद करने में कामयाबी हासिल की है। दिनांक 29.01.23 के दरम्यिानी रात्रि को हुए लेपटॉप चोरी एवं दिनांक 03.02.23 को पान ठेले में हुए चोरी की घटना की रिपोर्ट थाना सूरजपुर में दर्ज कराई गई थी। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने चोरों की पतासाजी कर मामले का जल्द खुलासा करने के निर्देश थाना प्रभारी सूरजपुर को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर की पुलिस चोरों की पतासाजी में लगी थी, इसी बीच दिनांक 06.02.23 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि 2 व्यक्ति पुराने बस स्टैण्ड में पिकअप स्टैण्ड के पास पुराने लेपटॉप को बेचने की बात कर रहे है सूचना पर फौरन पुलिस ने दबिश देकर 2 विधि विरूद्ध संघर्षरत बालकों को पकड़ा। दोनों ने पूछताछ पर बताया कि दिनांक 29 जनवरी के रात को पुराने बस स्टैण्ड स्थित राज फोटो कापी दुकान की शीट को हटाकर एक पुराना लेपटॉप तथा 3 फरवरी को कन्हैया पान भण्डर का ताला तोड़कर नगदी रकम सहित सिगरेट, राजश्री की चोरी करना स्वीकार किए। मामले में दोनों की निशानदेही पर 1 नग पुराना लेपटॉप, 5 पैकेट सिगरेट, 2 पूड़ा राजश्री, 1000 रूपये नगदी कुल कीमती करीब 22 हजार रूपये का जप्त किया गया है। मामले में दोनों विधि विरूद्ध संघर्षरत बालकों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष विधि अनुसार पेश किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, प्रधान आरक्षक मोहम्मद तालीब शेख, आरक्षक लक्ष्मी नारायण मिर्रे, रामकुमार नायक व हरिशंकर सिंह सक्रिय रहे।

# अंधे कत्ल का खुलासा कर थाना जयनगर पुलिस ने 1 आरोपी को किया गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल




सूरजपुर- ग्राम गणेशपुर निवासी उमेश देवांगन ने थाना जयनगर में सूचना दिया कि इसकी पत्नी हुलशिया उर्फ गुलशिया उम्र 37 वर्ष का दिनांक 4 फरवरी को अज्ञात कारण से मृत्यु हो गया है। सूचना पर मर्ग कायम कर थाना जयनगर की पुलिस मौके पर पहुंची और शव पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भेजा। पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर के द्वारा मृतिका की मृत्यु का कारण हत्यात्मक होना लेख किए जाने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना जयनगर में अपराध क्रमांक 37/23 धारा 302 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने प्रकरण की गंभीरतापूर्वक विवेचना करते हुए आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु के मार्गदर्शन में थाना जयनगर की पुलिस अज्ञात आरोपी की पतासाजी करते हुए मामले की बारीकी से विवेचना की गई। विवेचना में पाया गया कि मृतिका और उसका पति का पूर्व में चरित्र शंका को लेकर वाद-विवाद होता रहता था जिसके बाद पुलिस ने उमेश देवांगन से मामले के बारे में पूछताछ करने पर उसके द्वारा गोलमोल जवाब देने लगा, हिकमत अमली से पूछताछ करने पर उसने बताया कि दिनांक 04.02.23 को रात्रि में पत्नी के चरित्र पर शंका करते हुए वाद-विवाद कर आवेश में आकर पत्नी का बाल पकड़कर खेत के पास बने पत्थर के दिवाल में टकराकर हत्या करना स्वीकार किया। मामले में आरोपी उमेश देवांगन पिता जवाहीर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम गणेशपुर, थाना जयनगर को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर सुभाष कुजूर, एएसआई रघुवंश सिंह, वरूण तिवारी, आरक्षक विकास मिश्रा, नीरज झा, रामप्रसाद चंदर राजवाड़े, सोनू सिंह व महिला आरक्षक मालती सिंह सक्रिय रहे।

# जंगली हाथी ने दो बछड़ों को सुड़ से पटक कर उतारा मौत के घाट

रामचंद्र जायसवाल



सूरजपुर- ग्राम पंचायत मोहरसोप में जंगली हाथी ने दो बछड़ों को सुड़ से पटक कर उतारा मौत के घाट, पीड़ित की सूचना देने के बाद भी नहीं पहुंचा विभाग सूरजपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी बिहारपुर के ग्राम पंचायत मोहरसोप में पिछले 1 सप्ताह से लगातार 9 जंगली हाथियों का दल बनखेतापारा, मचबंधा पारा व टुठीयापारा में लगभग एक दर्जन से अधिक किसानों का अरहर, गेहूं,जैव,आलू सहित अन्य फसल को खाकर रौंदकर चौपट कर रहा है वही गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के रेंजर क्षेत्र से हमेशा गायब रहते हैं वही बैकुंठपुर कार्यालय से ही क्षेत्र का ड्यूटी निभाते हैं। वहीं वन विभाग बिहारपुर के अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा ग्रामीणों को कोई सहयोग प्रदान नहीं कर रहे है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। वही बीती रात ग्राम पंचायत मोहरपोप के टुठीयापारा के मोती लाल यादव के दो बछड़ों को जंगली हाथी ने सुड़ से पटक-पटक कर मौत के घाट उतार दिया। मोती लाल यादव से प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया गया कि सुबह वन विभाग के बीट गार्ड को सूचना दिया लेकिन शाम हो गया कोई नहीं पहुंचे। गौरतलब है कि बिहारपुर क्षेत्र में पिछले 5 महीनों से जंगली हाथियों का डेरा है। 50 से अधिक ग्रामीणों का घर तोड़फोड़ किए हैं वही लगभग सबसे 100 से अधिक किसानों का फसल को खाकर चौपट कर दिए, वही पिछले 1 सप्ताह में किसान कन्हैया लाल प्रजापति, मानिकचंद प्रजापति, लक्ष्मण साहू, रामकृपाल साहू, शालिकराम साहू, विजय यादव, राजमन साहू सहित कई किसानों का फसल को खाकर चौपट कर दिये है। इसके बारे में जब वनक्षेत्राधिकारी मेवा लाल पटेल से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि मैं अभी छुट्टी में हूं गुप्ता जी को प्रभार दिया हूं वही अभी देखरेख कर है।*

# 62वीं वाहिनी तुरुसमा में ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती - रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी, कमांडेंट 62वीं वाहिनी भिंगा की अध्यक्षता में वाहिनी के कार्यक्षेत्र ए समवाय तरुसमा में ग्रामीण सुरक्षा समिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे सीमा सुरक्षा सम्बन्धित विभिन्न मुद्दो पर चर्चा की गई तथा साथ ही साथ स्थानीय जनता के द्वारा नेटवर्क, बिजली,अस्पताल, पानी की समस्याओ के संदर्भ मे चर्चा की गई। कमांडेंट ने बैठक में उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि सीमा पर अवैध गतिविधियो को रोकने के लिए हम सभी को समन्वय बनाकर कार्य करना होगा। बैठक में वाहिनी के निरीक्षक सामान्य संतोष कुमार, उप.निरीक्षक सामान्य ताजबर सिंह, अन्य बल कार्मिक तथा साथ चौकी इंचार्ज असनहारिया उप. निरीक्षक सामान्य जय प्रकाश सिंह, फॉरेस्ट इंचार्ज ककरधारी रेंज उप.निरीक्षक सामान्य अशोक सिंह, ग्राम प्रधान तरुसमा अमित ग्राम प्रधान असनहारिया विजय, तथा ग्रामीण सुरक्षा समिति के सदस्य एवं स्थानीय ग्रामीण भी बैठक मे उपस्थित हुए।

# एक वारण्टी गिरफ्तार

अरविन्द कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



श्रावस्ती - श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक प्राची सिह द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी थाना इकौना जनपद श्रावस्ती मय थाना स्थानीय की पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान वारन्टी रहीश पुत्र शरीफ निवासी मो0 पटेल नगर थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को ग्राम पटेल नगर कस्बा व थाना इकौना से किया गया। न्यायालय द्वारा एनडीपीएस एक्ट के मामले में उपरोक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वारंट जारी किया गया था।

# भेला शाह बाबा के मजार पर लगा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती - श्रावस्ती भेला बाबा पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उर्श मेला का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के तमाम से महिला पुरुष एकत्र हुए मजार पर कव्वाली का भी प्रोग्राम कराया गया भेला बाबा के मजार की मान्यता है कि कोई भी व्यक्ति अगर उनकी मजार पर पहुंचकर अपनी मन्नत मांगता है तो उस पर भेला बाबा उसकी मन्नत पूरा जरूर करते हैं और कभी कोई उस दरबार से खाली नहीं लौटता है ऐसी मान्यता है की भेला बाबा के यहां हर काफी संख्या में लोग एकत्र होते हैं अपनी मन्नतें को मानते हैं और और मजार पर पहुंचकर जकात भी करते हैं इस वर्ष भी हर वर्ष की भांति मेला का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में क्षेत्र के महिला पुरुष इकट्ठा हुए

